प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
प्रभात बस 2 रुपये में पढ़िए और पढ़ाइए
www.subhartimedia.com लखनऊ, मंगलवार, 24 दिसंबर 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित एमएस धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे पेज-11

मोतीलाल एनआईटी के पुराछात्र लखनऊ शाखा का निर्वाचन

कार्यकारिणी

- डा.भरत राज सिंह को सर्व सम्मति से दिया गया पुरा छात्र लखनऊ शाखा का पुनः कार्यसम्पादन का दायित्व

लखनऊ-प्रभात

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान प्रयागराज के पुराछात्र लखनऊ शाखा का वर्ष 2019-20 व 2020-2021 सत्र का निर्वाचन ई0 एसके मित्तल वरिष्ठ अभियंता द्वारा सम्पन्न कराया गया। जिसमें पुरा.छात्र कार्यकारिणी लखनऊ शाखा के नव.निर्वाचित अध्यक्ष प्रो. (डा.) भरत राज सिह वरिष्ठ उपाध्यक्षगण बीसी राय व डीके भंडारी उपाध्यक्ष. आशुतोष कुमार श्रीवास्तव व मंजीत सिह अरोराए महा.सचिव डा अशोक कुमार तिवारी सन्युक्त सचिवगण .सुनीत वर्धन गुप्ता व निशांत अग्रवाल सांस्कृतिक सचिवगण खिलेश चंद्रा व ओपी शर्मा कोषाध्यक्ष. अभिषेक पांडेय तथा सदस्यगण. डा वीके सिह देवेंद्र कुमार सिहए आरके गोयल देश दीपक आज़ाद अरविंद कुमार व अजय रस्तोगी का चयन हुआ।

डा.भरत राज सिह जो पूर्व कार्यकाल में भी वर्ष 2017.18 व 2018-19 सत्र में भी अध्यक्ष रहे उन्हे सर्व सम्मति से पुरा.छात्र लखनऊ शाखा का पुनः कार्य.सम्पादन का दायित्व दिया गया। पूर्व कार्य.काल में उनके द्वारा अधिक से अधिक बैठकों मिलन समारोह के साथ-साथ सामाजिक कार्यो को जैसे. मूक.वधिर व चैलेंज बच्चों की संस्था में कपडे व वाशिंग मशीन डोनेट कराया। ब्लड डोनेशन कैम्प स्वच्छता अभियान व पेड लगवाने जैसे कार्यो को लखनऊ व आस.पास के इलाकों में कराया जिससे समाज में एक जागरूकता बढने के साथ.साथ संस्थान की भी साख आगे बढी। उन्होने बताया इस आने वाले दो.वर्षो में एक नवाचार अंवेषण तथा इंक्यूवेशन शाखा की स्थापना का लक्ष्य रखा है जिससे मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तक्नीकी संस्थानए प्रयागराज का नाम भी बढे तथा छात्रो को आगे बढने के लिये एक अच्छा केंद्र लखनऊ में उपलब्ध हो सके।